# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, , बेबसाईट : http//:bsea.bihar.gov.in, बेबसाईट : bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 03/08/2021

## अधिसूचना

संख्या–नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1–02/2020 1149 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 77 दिनांक 11.01.2021 द्वारा अनुलग्नक– 3 /पूर्वी चम्पारण के क्रमांक 03 पर कवैया प्राथमिक कृषि साख समिति, प्रखंड– घोड़ासहन, जिला– पूर्वी चम्पारण के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 299 दिनांक 09.02.2021 द्वारा कवैया पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया था। उक्त स्थगन के पूर्व ही अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी थी। मात्र मतदान एवं मतगणना शेष था।

2. अतः उक्त स्थगन को वापस लेते हुए अधिसूचना संख्या 77 दिनांक 11.01.2021 के क्रम में **कवैया प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु** निम्नवत् मतदान एवं मतगणना की तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्र० | निर्वाचन का प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | मतदान, यदि आवश्यक हो | 13.08.2021 (शुक्रवार)<br>6:30 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | मतगणना | 13.08.2021 (शुक्रवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |

3. प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), घोड़सहन इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का अक्षरशः अनुपालन किया जाना भी सुनिश्चित करेंगे। बाढ़ की स्थिति में यदि चुनाव कराना संभव नहीं हो, तो जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) चुनाव स्थगित करने की अनुशंसा प्राधिकार से कर सकेंगे।

4. उक्त अधिसूचना 77 दिनांक 11.01.2021 की अन्य बातें यथावत रहेंगी।

**अनुलग्नकः यथोक्त।**

(गिरीश शंकर)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक :1149 पटना/ दिनांक 03/08/2021

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1149 पटना/ दिनांक 03/08/2021

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), पूर्वी चम्पारण/ पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण / उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स॰स॰), पूर्वी चम्पारण /जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण / प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), घोड़ासहन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), पूर्वी चम्पारण से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1149 पटना/ दिनांक 03/08/2021

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि–व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1149 पटना/ दिनांक 03/08/2021

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1149 पटना/ दिनांक 03/08/2021

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ विशेष कार्य पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**